Australian Government
Aged Care Quality and Safety Commission

Engage
*Empower*
**Safeguard**



# क्या आपको किसी वयोवृद्ध देखभाल (एजेड केयर) प्रदाता, कर्मचारी या ज़िम्मेदार व्यक्ति के बारे में चिंताएँ हैं?

**आप इस बारे में कुछ कर सकते/ती हैं।** यदि आपको अपनी या किसी और को मिल रही वयोवृद्ध देखभाल के बारे में कोई चिंता है, तो आप इसे अपने प्रदाता को या हमें बता सकते/ती हैं।

आपको शिकायत करने का अधिकार प्राप्त है। हम आपको यह सलाह देते हैं कि आप सबसे पहले अपनी चिंताओं के बारे में अपने प्रदाता को बताएँ या उनसे शिकायत करें। आमतौर पर यह शिकायत के समाधान का सबसे आसान और तेज़ ढंग होता है, और इससे आपके प्रदाता को अपनी सेवाएँ बेहतर बनाने का अवसर मिलता है। शिकायत करने में आपको असहज या गलत महसूस नहीं होना चाहिए।

**इस सेवा में आपका स्थानीय संपर्क इस प्रकार है:**

यदि आप ऐसा करने में सहज महसूस नहीं करते/ती हैं, या यदि आपको अपने प्रदाता से शिकायत का समाधान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो कृपया नि:शुल्क सलाह या सहायता के लिए **वयोवृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग से 1800 951 822** पर संपर्क करें। आप हमें किसी वयोवृद्ध देखभाल प्रदाता, कर्मचारी या ज़िम्मेदार व्यक्ति के बारे में शिकायत कर या फ़ीडबैक दे सकते/ती हैं। फ़ीडबैक के माध्यम से आप हमें अपनी चिंताओं के बारे में बता सकते/ती हैं, बिना इसमें शामिल हुए कि हम इनका प्रबंधन कैसे करते हैं। आप चाहें तो अपनी चिंताओं को गुमनाम या गोपनीय रूप से साझा कर सकते/ती हैं।

यदि आप अपनी चिंता व्यक्त करने में सहायता चाहते/ती हैं, तो आप किसी नि:शुल्क पक्षसमर्थक से मदद ले सकते/ती हैं। वृद्ध व्यक्ति पक्षसमर्थन संपर्क (Older Persons Advocacy Network, OPAN) को उनकी वयोवृद्ध देखभाल पक्षसमर्थक लाइन (Aged Care Advocacy Line) **1800 700 600** पर फोन करें।

यदि आपको हमसे बात करने के लिए किसी दुभाषिए की आवश्यकता है, तो अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translation and Interpreting Service) को **131 450** पर फ़ोन करें।

**फोन**
1800 951 822

**ईमेल**
info@agedcarequality.gov.au

**वेब**
agedcarequality.gov.au

**डाक**
Aged Care Quality and Safety Commission
GPO Box 9819, आपकी राजधानी में